## महत्वपूर्ण एवं खास

### बाल विवाह की रोकथाम के लिए निर्देश जारी

#### बाल विवाह कराने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

**बालोद (आरएनएस)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल द्वारा बाल विवाह की रोकथाम हेतु विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। चन्द्रवाल ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि समाज में व्याप्त इस बुराई के पूर्णत: उन्मूलन हेतु जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों एवं आमजनों से सहयोग प्राप्त कर कड़ी कार्यवाही करें। बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानून अपराध भी है। उल्लेखनीय है कि 10 मई शुक्रवार को अक्षय तृतीया का पर्व है। चन्द्रवाल ने इस अवधि में बाल विवाह न हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए समुचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिले में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम सचिव, वार्ड पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय थाना प्रभारी एवं जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग को दूरभाष क्रमांक 07749-223941 तथा चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर 1098 में भी सूचित किया जा सकता है।

### गदा चौक नवनिर्मित पुलिया पर अटका ट्राला

**भिलाई (आरएनएस)।** नगर निगम के महापौर नीरज पाल दौरे के दौरान आमजनता ने पुलिया की बात की गई थी पुलिया बनाया गया था जो एक ट्राले के जाते ही फस गया पुलिया मानक अनुरूप नहीं बनाए गए हैं इसमें भ्रष्टाचार है आखिर इंजीनियर ने इसकी रूपरेखा कैसे बनाई निर्माण किया जिससे यह स्थिति पैदा हो रही है इसकी जांच होनी चाहिए भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने महापौर पर आरोप लगाया कि नगर निगम के पैसे का दुरुपयोग कर हर जगह क्षेत्र में भ्रष्टाचार की गई है इसी तरह शांति नगर दशहरा मैदान में भी एक करोड रुपए खर्च कर मैदान में घास लगाया गया है इसमें भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है इसकी भी जांच होनी चाहिए। अवंती बाई चौक को भी बिना प्लान के बनाया गया है रोज दुर्घटनाएं हो रही है बेल मौत लोग मारे जा रहे हैं इसकी जवाबदारी किसकी बनेगी इस पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने कहा कि इसकी सब की शिकायत मुख्यमंत्री एवं सांसद से शीघ्र ही की जाएगी।

### 23 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** हिंसा का रास्ता छोडक़र समाज की मुख्यधारा में शामिल होने और लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर 23 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। माओवादियों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा के समाने आत्मसर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली भैरमगढ़ एरिया कमेटी में सक्रिय थे। ये माओवादी बंद के दौरान रोड खोदना, पेड़ काटना एवं नक्सली बैनर-पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे। इससे पहले पुलिस ने माओवादियों से हिंसा की राह छोडक़र समाज की मुख्यधारा में शामिल होनी की अपील की थी। इसका व्यापक असर माओवादियों पर हुआ और 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण करके लोकतंत्र और संविधान में विश्वास जताया.पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा ने कहा कि आत्मसमर्पित माओवादियों को छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ दिए जाएंगे। बता दें कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 177 इनामी माओवादी सहित कुल 761 नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

### मोबाईल चोर गिरफ्तार

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** अस्पताल से मोबाईल फोन चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का मोबाईल बरामद किया है तथा आरापी को जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार बसंतपुर राजनांदगांव निवाीसी डा. नरेन्द्र गांधी पिता स्व. मदन मोहन गांधी उम्र 68 वर्ष निवासी सोमवार को बसंतपुर थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मरिजो की सुविधा के लिए व समय देने के लिए नर्सिंग होम मे पदस्थ स्टाफ को एक रियल मी कम्पनी का मोबाइल को दिनांक 26 अप्रेल के रात्रि 10 बजे के लगभग अस्पताल से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 457,380 भादवि0 कायम कर विवेचना में लिया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना बसंतपुर पुलिस की टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी शुरू की गई। टीम द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज के आधर पर एक युवक ऋषभ केमे को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से चोरी का मोबाईल जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# 7 मई को मतदान के लिए जागरूक करने लगाई गई दौड़

❑ मतदाता जागरूकता दौड़ में मनोज व सरोजनी प्रथम विजेता

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



मतदाता जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत माता चौक में सुबह 6 बजे से जिला प्रशासन द्वारा रन टू वोट कार्यक्रम आयोजित किया गया , जिसमें कोई भी नागरिक भाग लें सकता है। यह ओपन दौड़ सारंगढ़ से ग्राम कोतरी तक किया गया। भारत माता चौंक पर ही पीटीआई द्वारा दौड में भाग लेने वालों का रजिस्ट्रेशन कार्य कियें। चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित था। लोकसभा निर्वाचन को लेकर कलेक्टर धर्मेश साहू की उपस्थिति में स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी वासु जैन के मार्गदर्शन पर स्वीप दौड़ का श्रीगणेश हुआ। इस दौड़ में कलेक्टर साहू , नोडल चौहान , एसडीएम जैन एवं डॉ. आर एल सिदार के साथ ही साथ अन्य अधिकारियों ने भी दौड़ लगाई।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश साहू के द्वारा स्वीप कार्यक्रम तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदाताओं को 7 मई को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।जिसके तहत दीप प्रज्वलित कर , कैंडल मार्च निकाल, नव विवाहित वधुओं को शपथ , रंगोली प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ सोमवार को स्वीप दौड़ का आयोजन किया गया था, जिसमें 50 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।जिसमें प्रथम स्थान पुरुष में मनोज कुमार यादव, द्वितीय स्थान हेमलाल यादव, तृतीय स्थान राहुल खड़िया, वहीं इस दौड़ में महिलाओं ने भी दौड़ लगाया जिसमें सरोजिनी लकड़ा प्रथम, देवकुमारी उरांव द्वितीय , लता यादव तृतीय स्थान पर रही। भाग लेने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर सारंगढ़ साहू ने क्रमशः11 सौ, 7 सौ व 5 सौ के नगद पुरस्कार के द्वारा सम्मानित किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान द्वारा सभी धावकों को 7 मई को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने कहा कि - लोकतंत्र का यह पर्व 5 वर्ष में एक बार आता है। इस में हम सभी को भारत के एक अच्छे नागरिक के रूप में हमें अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए निर्भीक, निष्पक्ष, निडर व निस्वार्थ भाव से योग्य प्रत्याशी का चयन करते हुए मतदान करना है। वासु जैन ने कहा कि -आपके कंधे पर ही देश का भावी बोझ है। आप शत प्रतिशत मतदान करें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान हर नागरिक का कर्तव्य है।इसके माध्यम से वह लोकतंत्र को मजबूती में अपनी सहभागिता निभा सकता है। स्वीप दौड़ के लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने सभी का आभार प्रदर्शन करते हुए अपील कियें कि आप सभी मतदान करें। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अब्बास अली, भरत अग्रवाल, समाजसेवी कैजार अली, महेंद्र केजरीवाल के साथ अन्य अधिकारी डॉ. आर बी तिवारी, कौशल ठेठवार, व्यायाम शिक्षक आरती शुक्ला, ममता साहू, पूजा अकेला सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी का सहयोग रहा।

## इनोवा वाहन चोरी करने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**रायपुर । आरएनएस**

राजधानी के सिविल लाईन थाना पुलिस ने थानाक्षेत्र राजातालाब से इनोवा वाहन चोरी होने के मामले में एक नाबालिग चोर को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके पास से चोरी का वाहन बरामद किया है।

बता दें कि चोरी नकबजनी के प्रकरणों को संज्ञान में लेते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा जिले के सभी पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी को चोरी नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं आरोपियों को पकडऩे हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित करने के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने.अपने थाना क्षेत्र में चोरी, नकबजनी करने वाले चोरों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में दीपेश साव ने थाना सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका ट्रेवल्स का काम है। इनोवा क्रिस्टा वाहन क्रमांक सीजी 07 बीसी 6407 को इसका ड्रायवर संतोष कुमार बंछोर उर्फ राकेश चलाता है। जो वाहन को चलाने के बाद अपने घर राजातालाब गांधी मैदान के सामने खड़ी करता है। घटना दिनांक 27 अप्रेल को भी रात्रि करीबन 10.30 बजे उक्त वाहन को ड्रायवर संतोष कुमार अपने घर के सामने खड़ी किया था, अगले दिन दिनांक 28 अप्रेल को सुबह 06.30 बजे बाहर आकर देखा तो इनोवा क्रिस्टा वाहन जहां खड़ी किया था वहां पर नही था। किसी अज्ञात चोर के द्वारा ड्रायवर के घर के सामने राजातालाब से इनोवा क्रिस्टा वाहन कीमती करीबन 10 लाख रूपये को चोरी कर ले गया। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी के संबंध में जानकारी मिली। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सीसीटीवी कैमरे से प्राप्त फुटेज के आधार पर पीछा करते हुए नाबालिग बालक को छुरा गरियाबंद से चोरी के वाहन के साथ रंगेहाथ पकडक़र घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## चरित्र संदेह को लेकर पत्नी की कुदाली मारकर हत्या, पति गिरफ्तार

**कोरबा । आरएनएस**

आदतन शराबी पति ने चरित्र शंका को लेकर धारदार कुदाली से पत्नी पर वार कर दिया। गंभीर रूप से चोट लगने पर पत्नी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार घटना दीपका थाना अंतर्गत राजीव नगर झाब में रविवार को हुई। यहां फूलसाय भगत अपनी पत्नी ग्लोरिया बाई भगत 48 वर्ष, दो पुत्री रचना भगत 21 वर्ष, एकता भगत 16 वर्ष, दो पुत्र अर्पित भगत 18 वर्ष तथा आयुष भगत सात वर्ष के साथ एक किराए के मकान में निवास करता है। बताया जा रहा है कि फूलसाय शराब पीने का आदी था और अक्सर शराब के नशे में रहता था। बताया जा रहा है कि फूलसाय अक्सर अपनी पत्नी पर चरित्र को लेकर शंका करता था और इसी बात पर दोनों के मध्य विवाद होता था। रविवार को वह नशे की हालत में घर पहुंचा। इस दौरान पुन: दोनों के मध्य विवाद हुआ। इस पर घर में रख कुदाली से उसने पत्नी पर वार कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल ग्लोरिया बाई को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही दीपका पुलिस ने आरोपित पति फूलसाय को गिरफ्तार कर लिया। दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि पूछताछ में फूलसाय ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। उसका कहना है कि पाप का अंत कर दिया है और उसका कोई पछतावा नही है। बहरहाल मामले में पुलिस ने आरोपित पति के विरूद्ध हत्या का मामला कायम कर अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। हत्या किए जाने से मां नहीं रहीं वही पिता के जेल जाने से चारों बच्चे बेसहारा हो गए।

## जिला न्यायाधीश अरविन्द कुमार सिन्हा ने उप जेल सारंगढ़ का किया भ्रमण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

माननीय जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविन्द कुमार सिन्हा ने कुमारी राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ बिलाईगढ़, पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के साथ उप जेल सारंगढ़ का भ्रमण किया। माननीय जिला न्यायाधीश द्वारा बंदियो से मिलकर उनके मामलों के संबंध में पूछताछ की गई तथा विधिक साक्षरता शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 एवं नालसा द्वारा समय-समय पर पात्र बंदियों की रिहाई हेतु चलाये जा रहे अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के दौरान जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नही है उनकी ओर से पैनल अधिवक्ता मामले में पैरवी करेंगे तथा जमानत आदि की कार्यवाही करेंगे।

छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में है, उन्हे जेल लोक अदालत में अपराध स्वीकारोक्ति के आधार पर रिहा हो सकने की जानकारी दी गई। इस शिविर में कुमारी राधिका सैनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ बिलाईगढ़, पारूल श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़, तथा उप जेल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित रहे।

## सारंगढ़ के मुख्य मार्ग में किया गया मतदाता मशाल रैली

❑ मशाल जलाकर शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



आगामी 7 मई को योग्य उम्मीदवार को मतदान देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आम नागरिकों द्वारा सहयोग देने तथा शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सोमवार की संध्या को स्वीप मशाल रैली का शुभारंभ किया। यह रैली

सारंगढ़ के मुख्य मार्ग में कलेक्टोरेट से जवाहिर भवन तक लगभग एक किलोमीटर तक आजू बाजू लोगों के भीड़ के मध्य में मतदाता जागरूकता करते हुए सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट देहे बर का नारा लगाते हुए निकली। इस कार्यक्रम में एआरओ डॉ स्निग्धा तिवारी, स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, मार्कफेड अधिकारी मनोज यादव, सीएमओ राजेश पांडेय, सीईओ सारंगढ़ संजू पटेल, सीईओ बरमकेला प्रज्ञा यादव, सीईओ बिलाईगढ़ प्रतीक प्रधान, बिहान के अधिकारी संदीप तंबोली, मनरेगा अधिकारी युवराज पटेल समेत बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी, बिहान समूह की महिलाएँ, पत्रकार भरत अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। स्वीप मशाल रैली में परदेश नहीं जाव जी, वोट देबर आव जी का भी नारा लगाते हुए शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से मतदान करने के लिए संकल्प लिया गया।

## बीएलओ मतदाता पर्ची के साथ 7 मई को वोट के लिए निमंत्रण जरूर दें : एआरओ वासु जैन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

सहायक रिटर्निंग अधिकारी वासु जैन ने जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में एआरओ वासु जैन ने सभी बीएलओ को कहा कि मतदाता पर्ची के साथ 7 मई को वोट के लिए निमंत्रण जरूर दें। वे अपने घर परिवार, पलायन किए रिश्तेदार मतदाताओं को बुलाकर, आस पड़ोस सभी सामूहिक रूप से मतदान करें। बैठक में तहसीलदार शनि पैकरा और कोमल साहू उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि आगामी मतदान दिवस 7 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। कभी सोशल मीडिया के माध्यम से तो कभी स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम कर युवाओं से अपील की जा रही है, तो कभी नव वधू वोटरों को सम्मानित कर किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अब जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा शादी के निमंत्रण पत्र की तरह एक विशेष कार्ड तैयार कराया है, जिससे मतदाताओं से वोट डालने का अनुरोध किया जाएगा। निमंत्रण पत्र में सबसे ऊपर कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़,लोकसभा चुनाव 2024 निमंत्रण लिखा है। संबोधन करते हुए लिखा गया है कि प्रिय निवासियों, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए आपका एक-एक वोट बहुत कीमती है। हम सभी को साथ आने का निमंत्रण देते हैं। 7 मई 2024 को अपने निकटतम मतदान केंद्र में जाकर आपका पसंदीदा उम्मीदवार के लिए अपना कीमती वोट देवें।

इस विशेष आमंत्रण पत्र को बांटने की जिम्मेदारी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) की होगी, जो परिवारों के घर-घर जाएंगे और उनसे 7 मई को पोलिंग बूथ पर पहुंचने की अपील की जाएगी।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर वासु जैन ने बताया, मतदान शुरू होने से पांच दिन पहले यह कार्ड बंटना शुरू होंगे। निमंत्रण कार्ड एक मार्गदर्शिका होगी, जिसमें चुनाव प्रक्रिया और मतदाता से जुड़ी सभी जानकारियां होगी।

## मुर्रा एनीकेट में पानी भरने के लिए बंद करवाए गए गेट

❑ तरीघाट और मुर्रा एनीकेट से छलक कर रायपुर पहुंचेगा पानी, अब नहीं होगी पानी की कमी

❑चटोद नहर का पानी आने लगा

**रायपुर । आरएनएस**

खारुन नदी में तरीघाट एनीकेट से पानी आ जाने के बाद आज फिल्टर प्लांट एनीकेट का जलस्तर 15 इंच तक बढ़ गया। इसके बाद पानी के तरीघाट एनीकेट के गेट को बन्द करने के लिए कह दिया गया। सिंचाई विभाग द्वारा नहर मरम्मत के नाम पर रायपुर नगर निगम क्षेत्र हेतु पानी सप्लाई पिछले दिनों अचानक बन्द कर दिया गया था। इससे रायपुर शहर में जलसंकट गहराने का खतरा बन गया था। जलस्तर घटने लगा था। सबसे अधिक चिंता फिल्टर प्लांट के 150 एमएलडी प्लांट की हो गई थी।

पानी की कमी के चलते प्लांट के पम्प एयर ले लेते और वह ठप पड़ जाता। तब उससे बनाने में ही कई दिन लग जाते और शहर में पानी सप्लाई नहीं हो पाती। स्तिथि को भांपकर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा तत्काल सक्रिय हुए और उच्च स्तर पर बातचीत की। इसके बाद धमतरी के चटोद में स्थित नहर के शाखा नहर को खारुन नदी से जोडक़र शहर के लिए पानी की व्यवस्था की गई। इससे पहले शहर में पानी के इंतजाम के लिए काठाडीह एनीकेट और मुर्रा नहर को खुलवा लिया गया। इसके बाद तरीघाट एनीकेट के दो गेट खुलवा दिए गए। आज सुबह फिल्टर प्लांट में जलस्तर 15 इंच तक बढ़ गया था।

जो कि संतोषजनक है। तब निगम के कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र ने काठाडीह और मुर्रा एनीकेट को जाकर देखा। मुर्रा एनीकेट खाली हो चुका था। किंतु चटोद नहर का पानी वहां पहुंचने लगे है। जिसे देखकर जल संग्रहन हेतु मुर्रा और एनीकेट के एक गेट को बन्द कर देने के लिए कहा गया है। वहां जल संग्रहन होने के उपरांत तरीघाट एनीकेट के गेट को बन्द करवा दिया जाएगा। तब एनीकेट के ऊपर से छलक कर पानी रायपुर के लिए आने लगेगा जो कि शहर के लिए पर्याप्त होगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU